आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 01.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया।
- दून विश्वविद्यालय में आयोजित 19वां उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्मेलन संपन्न, सम्मेलन में जल सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और रक्षा में आर्टिफिशीयल इंटेलीजेंस जैसे विषयों पर हुई चर्चा।
- मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक करने और इनकी निगरानी के निर्देश दिए।
- केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सर्पदंश के मामलों को अधिसूचित रोग बनाने को कहा।

## विचार विमर्श

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के भुवनेश्वर में शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के दूसरे दिन कल प्रधानमंत्री ने पुलिस व्यवस्था से जुडी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की। विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित क्षेत्रों के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों ने अपने–अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने के बारे में प्रस्तुतियां दी। प्रधानमंत्री मोदी आज भी सम्मेलन में शामिल होंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटवर्ती सुरक्षा, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने सहित नए आपराधिक कानूनों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।

## उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्मेलन संपन्न

उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) की ओर से दून विश्वविद्यालय में आयोजित 19वां उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्मेलन संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम ने वैज्ञानिक संवाद, अनुसंधान सहयोग और नवाचार के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया। हर दिन पन्द्रह सौ से अधिक प्रतिभागियों ने सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन के दौरान जल सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और रक्षा में आर्टिफिशीयल इंटेलीजेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन सत्र आयोजित किए गए।

सम्मेलन में 13 विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों को यंग साइंटिस्ट पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋतु खंडूरी भूषण ने वैज्ञानिक अनुसंधान में जमीनी स्तर पर भागीदारी और स्थानीय समुदायों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को अपनाने का आह्वान किया।

तीन दिवसीय सम्मेलन में तेरह तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें दो सौ से अधिक शोध प्रस्तुत किए गए। 24 प्रतिभागियों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

## नव निर्माण कार्यों का अवलोकन

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में चल रहे नव निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान श्रीमती खंडूरी ने बताया कि विधानसभा के मुख्य प्रवेश द्वार पर राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ स्थापित की गई है। उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के शहीद आंदोलनकारियों की स्मृति में शहीद गैलरी का निर्माण किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि पूरी विधानसभा को डिजिटल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रीनगर मेडिकल कॉलेज

पौड़ी जिले का श्रीनगर मेडिकल कॉलेज उत्तराखंड के लिए एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र बनकर उभरा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज से रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी और टिहरी जिले के लोगों के सुविधा मिल रही है।

## समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक दिवसीय नैनीताल जिले के भ्रमण के दौरान हल्द्वानी में लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा और पेयजल विभाग की समीक्षा की। उन्होंने हल्द्वानी शहर के सड़क मार्गों के चौड़ीकरण के बाद किए जाने वाले सड़क सुधारीकरण, पेयजल और विद्युत व्यवस्था के कार्यों व परियोजनाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान उन्होंने पेयजल विभाग और विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को फटकार लगाई और तय समय पर सभी निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग शिविर लगाकर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम हल्द्वानी अंतर्गत सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। श्री धामी ने हल्द्वानी शहर में भारत मंडपम की तर्ज पर एक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण करने के निर्देश भी दिए।

समीक्षा के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जंगली जानवरों विशेष रूप से गुलदार के हमले से बचाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की बात रखी, इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट की तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हर दिन स्ट्रीट लाइटों की निगरानी करने को भी कहा। श्री धामी ने नगर निगम के आन्तरिक मार्गों को हर हाल में 15 दिसम्बर तक गड्डामुक्त करने को भी कहा। उन्होंने कहा नगर निगम के अधूरे निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द शुरू कर एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

## सर्पदंश

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सर्पदंश के मामलों और उससे होने वाली मृत्यु को राज्य लोक स्वास्थ्य अधिनियम और अन्य प्रावधानों के तहत अधिसूचित रोग की श्रेणी में रखने को कहा है। अधिसूचित रोग वो रोग है जिसका निदान होने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित किया जाना आवश्यक है। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि सर्पदंश गंभीर चिंता का विषय है। सर्पदंश की समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने संबंधित मंत्रालयों और हितधारकों के परामर्श से 2030 तक सर्पदंश से बचाव और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है। इस कार्य योजना का उद्देश्य 2030 तक सर्पदंश से संबंधित मौतों को कम करना और देशभर में सर्पदंश के मामलों और मौतों की निगरानी करना है।

## तैयारियां

चमोली में आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कल यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इस वर्ष की यात्रा अनुभव और यात्राकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आगामी यात्रा को सुगम बनाने के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए सभी संबंधित विभाग अपना प्रस्ताव दें। इसमें जिले स्तर से जो काम हो सकते है, उनको तत्काल

शुरू किया जाए और जो बडे कार्य होने है उनके लिए आंगणन तैयार किया जाए ताकि शासन स्तर से इनकी स्वीकृति ली जा सके।

**समाचार पत्र की सुर्खियों पर**

उत्तरकाशी में आज मस्जिद के खिलाफ महापंचायत होने जा रही है.. अमर उजाला पहले पृष्ठ पर प्रमुखता से लिखता है – उत्तरकाशी में महापंचायत आज, सुरक्षा के कड़े प्रबंध। शहर को 7 जोन व 15 सेक्टर में बांटा।

केदारनाथ की नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने ली शपथ, हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– केदारनाथ उपुनाव में जीत के बाद आशा नौटियाल ने शनिवार को विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। आशा नौटियाल ने कहा केदारनाथ क्षेत्र के विकास के लिए करेंगी कार्य।

जौनसार में बूढ़ी दीवाली का आगाज हो चुका है, हिन्दूस्तान समाचार पत्र में छपी सब हेडलाइन के मुताबिक– कालसी–चकराता ब्लॉक के करीब 200 गांवों, खेड़ों, और माजरों में उत्साह, मंदिरों में देवदर्शन को बड़ी संख्या में उमड़े ग्रामीण। 5 दिवसीय बूढ़ी दीवाली पर्व पर पौराणिक पंरपराओं का रखा जाएगा ख्याल।

उत्तराखंड में हरिद्वार छोड़ 12 जिलों की जिला पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी गई है। दैनिक जागरण पहले पृष्ठ पर प्रमुखता से लिखता है कि– 12 जिला पंचायतों में अध्यक्ष को ही प्रशासक का जिम्मा, अधिसूचना जारी।